जनजातीय संग्रहालय में लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां

गुदुमबाजा, दुल-दुल घोड़ी और कठपुतली नृत्य ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में रविवार को नृत्य, गायन और वादन पर केंद्रित संभावना गतिविधि के अंतर्गत विभिन्न लोक एवं जनजातीय कला रूपों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में डिंडौरी के लेखपाल धुर्वे एवं साथियों ने गोंड जनजाति का पारंपरिक गुदुमबाजा नृत्य, रीवा के राजमणि तिवारी एवं साथियों ने दुल-दुल घोड़ी नृत्य तथा भोपाल के घनश्याम भट्ट एवं साथियों ने कठपुतली नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

गुदुमबाजा नृत्य में गुदुम, डफ, मंजीरा, टिमकी और शहनाई की मधुर धुनों पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। यह नृत्य गोंड जनजाति की सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है और विवाह सहित विभिन्न मांगलिक अवसरों पर विशेष रूप से किया जाता है।

दुल-दुल घोड़ी नृत्य में कलाकारों ने पारंपरिक घोड़ी का वेश धारण कर लोकगीतों तथा ढोलक, हारमोनियम, झांझ, मंजीरा और ढपला जैसे वाद्य यंत्रों की संगत में प्रस्तुति दी। इस लोकनृत्य ने बघेलखंड की सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रस्तुत की।

संग्रहालय प्रशासन के अनुसार प्रत्येक रविवार दोपहर दो बजे आयोजित होने वाली संभावना गतिविधि के माध्यम से मध्यप्रदेश के पांचों लोकांचलों तथा सात प्रमुख जनजातियों की विविध कला परंपराओं के साथ देश के अन्य राज्यों की सांस्कृतिक विधाओं को भी जनसामान्य के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे लोक एवं जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन को प्रोत्साहन मिल रहा है।

पंडवानी की स्वर साधिका तीजन बाई को भावभीनी श्रद्धांजलि

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः पद्म विभूषण से सम्मानित सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई के निधन पर मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे भारतीय लोकसंस्कृति और लोककला जगत की अपूरणीय क्षति बताया है। वर्ष 1983 में भारत भवन, भोपाल में आयोजित पंडवानी समारोह में उन्होंने पहली बार वेदमती और कपालिक शैली का प्रभावशाली समन्वित प्रस्तुतीकरण कर इस लोक परंपरा को नया आयाम दिया। द्रौपदी चीरहरण जैसे प्रसंगों की उनकी मार्मिक प्रस्तुति दर्शकों के बीच विशेष रूप से सराही गई। पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित तीजन बाई का मध्यप्रदेश, विशेषकर भोपाल से भी गहरा जुड़ाव रहा। वर्ष 2021 में उन्होंने मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय का भ्रमण कर अपने कला जीवन के अनुभव साझा किए थे। दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

सारस महोत्सव में संरक्षण पर विशेष जोर

सारस वाक, चित्रकला, छायाचित्र प्रदर्शनी और नाटक का आयोजन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, भोपाल, भोपाल बर्ड्स कंजर्वेशन सोसाइटी तथा व्ही एन एस नेचर सेवियर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को द्वितीय सारस महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भोजताल किनारे आयोजित सारस वाक से हुई, जिसमें लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लेकर सारस के प्राकृतिक आवास और व्यवहार का अवलोकन किया।

इसके बाद महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिए संकटग्रस्त प्रजाति सारस के संरक्षण विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने

चित्रों के माध्यम से सारस के जीवन, महत्व और संरक्षण की आवश्यकता को प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों के लिए गौरा जोशी के मार्गदर्शन में ब्लॉक प्रिंटिंग कार्यशाला भी आयोजित की गई।

मुख्य अतिथि वन संरक्षक क्षितिज कुमार तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रदीप नंदी ने सारस पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में देशभर के 25 छायाकारों द्वारा भेजे गए 30 छायाचित्र प्रदर्शित किए गए, जिनमें सारस के जीवन के विभिन्न पक्षों को दर्शाया गया।

कार्यक्रम के अगले चरण में सारस संरक्षण पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में डॉ. बीनिश रफ़त, मानिक लाल गुप्त, डॉ. संगीता राजगीर तथा मोहम्मद खालिक सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

जेके हॉस्पिटल में राष्ट्रीय लेप्रोस्कोपिक सर्जरी स्किल कोर्स, 250 विशेषज्ञ जुटे

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः जे.के. हॉस्पिटल एवं एल.एन. मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में 3 से 5 जुलाई तक एसोसिएशन ऑफ मिनिमल एक्सेस सर्जन्स ऑफ इंडिया (अमासी) के तत्वावधान में 127वें अमासी स्किल कोर्स एवं एफएमएएस परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

राष्ट्रीय स्तर के इस शैक्षणिक कार्यक्रम में देशभर से 250 से अधिक सर्जन और स्त्री रोग विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में एचडी ऑपरेटिव वीडियो, विशेषज्ञ व्याख्यान, वैज्ञानिक चर्चा, लाइव एंडोट्रेनर प्रशिक्षण तथा कौशल आधारित अभ्यास के माध्यम से प्रतिभागियों को आधुनिक लेप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जरी की नवीनतम तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में जनरल सर्जरी और गायनोकोलॉजी से जुड़े अनेक उन्नत विषयों पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन देंगे।

समापन पर प्रतिभागियों की एफएमएएस परीक्षा होगी। आयोजन अध्यक्ष डॉ. नवनीत मिश्रा, सह-अध्यक्ष डॉ. कृष्णानंद और सचिव डॉ. मयंक गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन मध्यप्रदेश में मिनिमल एक्सेस सर्जरी और चिकित्सा शिक्षा को नई पहचान देगा।

भोपाल मंडल की मानसून के लिए विशेष कार्ययोजना

सुरक्षित रेल संचालन के लिए विशेष निगरानी, पेट्रोलमैन व वाचमैन तैनात

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मानसून के दौरान सुरक्षित एवं निर्बाध रेल संचालन सुनिश्चित करने के लिए पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे परिसंपत्तियों की संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मंडल में विशेष निगरानी व्यवस्था लागू की गई है।

मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के निर्देशन में तैयार कार्ययोजना के तहत संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां चौबीसों घंटे निगरानी की व्यवस्था की गई है। इसके लिए 118 पेट्रोलमैन और 174 वाचमैन तैनात किए गए हैं, जो नियमित रूप से रेल पथ का निरीक्षण कर रहे हैं। मंडल में बांधों, पुलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। बाढ़ जैसी स्थिति से समय रहते निपटने के लिए संवेदनशील पुलों पर जलस्तर निगरानी प्रणाली स्थापित की गई है। रेल पथ, यार्ड, नालियों और जल निकासी मार्गों की सफाई भी कराई गई है, जिससे जलभराव की समस्या न हो।

इसके अलावा विद्युतीकृत रेलखंडों में विद्युत उपकरणों, संकेत व्यवस्था और रेल पथ का अनुरक्षण किया जा रहा है। आपात स्थिति में त्वरित संपर्क बनाए रखने के लिए संचार उपकरणों को भी पूरी तरह कार्यशील रखा गया है।

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को सुरक्षित और विश्वसनीय रेल सेवा उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर, ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल

लोक सुनवाई के संबंध में आम सूचना

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के तहत् सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है मेसर्स आनन्द स्टोन क्रेशर (प्रो. श्री प्रकाश माधवानी चांदवड़ कदीम स्टोन क्वारी माईनिंग ऑफ मिनरल्स 4.00 हेक्टेयर क्षमता 70,000 M³/Year (गिट्टी 40,000 M³/ Yea & एम सेण्ड 30,000 M³/ Yea) खसरा नं. 335, 336, 337, 338, 339, 340 & 341 (प्राईवेट लेंड) ग्राम चांदवड़ कदीम, तहसील बैरसिया जिला भोपाल में प्रस्तावित स्टोन क्वारी की स्थापना हेतु पर्यावरण स्वीकृति संबंध में लोक सुनवाई हेतु आवेदन किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं कार्यपालक-सार का अवलोकन कार्यालय कलेक्टर भोपाल, कार्यालय जिला पंचायत भोपाल, ग्राम पंचायत खादमपुर तहसील बैरसिया जिला भोपाल, कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र भोपाल, कार्यालय जनपद जिला भोपाल, क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड़ क्रमांक-3, राजयोग भवन के पास, ई-5, अरेरा कालोनी भोपाल मुख्यालय /क्षेत्रीय कार्यालय मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण परिसर, भोपाल में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है। उक्त परियोजना के कार्यपालक-सार की जानकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वेबसाइट www.mppcb.mp.gov.in पर भी उपलब्ध है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव विचार, टीका टिप्पणी अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों (Concerned Regulatory Authority)/क्षेत्रीय अधिकारी, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण परिसर, ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल, के कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त परियोजना के संबंध में लोक सुनवाई दिनांक 07.08.2026 दिन शुक्रवार को समय 12:00 बजे से परियोजना स्थल ग्राम चांदवड कदीम तहसील बैरसिया जिला भोपाल में आयोजित की गई है, जिसमें भी सुझाव विचार, टीका टिप्पणी अथवा आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल

811

सूडोकु नवताल- 7832

सरल

5		9		8	3	2		
	2		4					8
3	8		5	2	6	1		
	7						9	5
9		3	6		8	7		4
2	6						1	
		5	2	7	1		8	6
6					4		7	
		8	9	6		4		2

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7831 का हल

8	2	5	3	6	7	9	1	4
4	6	1	8	9	2	3	7	5
3	7	9	1	5	4	6	8	2
1	3	7	4	2	9	5	6	8
6	5	2	7	1	8	4	9	3
9	8	4	6	3	5	1	2	7
2	4	6	9	8	3	7	5	1
5	1	3	2	7	6	8	4	9
7	9	8	5	4	1	2	3	6

काकुरो पहेली - 7505



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 7504 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8902



बाएँ से दाएँ

1. ध्वज, पताका-2
4. वहम, संदेह-2
6. दलहन-2
7. खाली, रिक्त-2
9. रसूल, अल्लाह-3
12. अभिनेत्री मुनमुन सेन की पुत्री का सिर्फ नाम-3
14. सिवाय, बगैर-3
16. इराक की राजधानी-4
17. समधी की पत्नी-4
18. पीसना, महीन करना-3
20. ऊष्ण, गर्म-3
22. उत्तम, विष्णु अवतार-3
24. परत, तह-2
26. खेती-2
27. अक्षर, होठ-2
28. ताऊ की पत्नी, बड़ी मां-2

ऊपर से नीचे

1. जल प्रपात-3
2. आईल-2
3. हूर, अप्सरा-2
5. सूक्ति, वाणी, शबद-3
6. पिता के पिता-2
8. स्टार, सितारा-2
10. रोचक, सुंदर, मनोहारी-5
11. शीतलता, मुठभेड़-2
13. सतरंगा, शंकर धनुष-5
14. सिर्फ एक, एकमात्र-3
15. हवस, कामेच्छा-3
19. लाख-2
20. जहर, विष-3
21. आनंदित, मनमौजी-2
22. मुनि, माधू-2
23. अच्छाई, सदशयता-3
25. सुरक्षा-2
26. कीड़ा, कीट-2

शब्द पहेली -8901 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7344



ऊपर से नीचेः-

१. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली फिल्म-२
२. विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३. 'हाय हाय ये मजबूरी' गीत वाली मनोज कुमार जीनत अमान की फिल्म-२,३,२,३
४. फिल्म 'घर में श्याम गली में राम' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
६. आफताब शिवदासानी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२
९. 'बड़ी मुश्किल है खोया मेरा दिल है' गीत वाली शाहरूख, माधुरी की फिल्म-३
११. फिल्म 'इंडियन' में नायक कौन था-२
१२. मनोजकुमार की राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत फिल्मों में उनके किरदार का नाम है?-३
१३. राजेश, जया भादुड़ी की 'बरस गई रे तरस गई' गीत वाली फिल्म-२,१,३
१५. अक्षय, सुनील, जैकी, रवीना, लारा दत्ता की फिल्म-२
१६. जैकी श्रॉफ, फरहा की फिल्म-४
१७. 'शीशी भरी गुलाब की' गीत वाली रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-२
२०. करण दीवान, स्वर्णलता की 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली राजकुमार, मीनाकुमारीकी फिल्म-३
२३. हिमालय, भाग्यश्री की 'मुझको पायल नाम दिया' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली मनोज, धर्मेन्द्र, सायरा बानों की फिल्म-२
२७. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. मनोजकुमार, साधना की 'तुम बिन जीवन कैसे बीता' गीतवाली फिल्म-३
३. 'चली सात फेरे लेकर' गीत वाली मिलिंद सोमण, विक्रम फिल्म-३
५. अभिषेक, उदय चोपड़ा, जॉन अब्राहम, रिमी सेन, ईशा देओल की फिल्म-२
७. 'हो जाता है प्यार' गीत वाली अमिताभ, हेमा मालिनी और प्राण की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, अजय, मनीषा, रेखा, सोनाली, माधुरी की फिल्म-२
९. 'ना वादा करते हैं' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१०. अनिलकपूर, पूनम ढिल्लों की 'मिली तेरे प्यार की छाँव' गीत वाली फिल्म-३
१३. शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या फिल्म-२
१४. अजय देवगन, विवेक, मनीषा की 'खल्लास' गीत वाली फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, साधना की फिल्म-३
१७. फिल्म 'दोस्ताना' की नायिका थी-३
१८. 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली राजकुमार, धर्मेन्द्र की फिल्म-३
१९. शशिकपूर, जीनत अमान की एक फिल्म-३
२२. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीनाराय की १९७२ की एक फिल्म-४
२३. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'दिले बेताब को सीने से' गीत वाली फिल्म-३
२४. अनिल, श्रीदेवी, रवीना की फिल्म-३
२५. आमिरखान, मनीषा की फिल्म-२
२६. १९७१ में बनी जीतेंद्र, डिम्पल कपाड़िया की श्याम रल्हन निर्देशित फिल्म-२
२७. 'मिजाजे गिरामी दुआ है आपकी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'जांनशीन' में नायक-४,२
२९. शाहिद कपूर, करीना की 'दिल मेरे ना और' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7343

सं	न्या	सी		ह	मे	शा		खौ	फ
ध्या		मा	सू	म		र	क्षा		र्ज
	रे		र		सौ	दा		त्रि	
ना	जा	य	ज		त		श्री	दे	वी
ग		की		जा	न	म		व	
म	हा	न		गृ		द	म		मा
णि			प्र	ति	का	र		ज	या
	फ	र	हा		लि			मा	
रॉ	की		र	जि	या	सु	ल्ता	न	
	रा	खी		स्म		र		त	ब्बू

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग- 7438

	3		1		2	5
3	32	6	36	2	30	1
	1		5		4	
5	33	1	29	4	30	
	6	5	4		3	2
2	30		32	3	31	7
1	2		7	5	6	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7437 का हल

1	2	3	7	5	6	4
3	29	6	37	2	31	1
4	3	7	1	6	2	5
5	29	1	33	4	37	6
6	1	2	5	7	4	3
2	33	4	31	3	30	7
7	6	5	4	1	3	2

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8458

शब्द जाल में 'न' से शुरु होनेवाले 10 शब्दों के नाम ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

बं	न	गा	र	न	ब	ज	क	ब	ल	न
ब	ज	य	लि	दा	व	का	मौ	स	ल	य
ई	रा	ब	न	ज	वा	ज्यो	दा	बं	य	ना
का	ना	बं	र	ता	वी	ब	ति	ल	न	भि
म	इ	दि	म	स	रा	द	श	न	ब	रा
न	म	स्का	र	र	र	क	व	ना	श	म
न	बं	दि	श	वा	क	जी	र	ग	प	ब
व	र	न	ग	मा	व	सी	ब	न	प	न
नी	ब	ल	ज	न	बा	री	न	ज	प	र
त	मी	ल	प	बू	या	स	वी	ब	प	जा
का	न	न	व	नि	र्मा	ण	न	ग	प	बं

नगमा, नजराना, नयनतारा, नवीन,नमस्कार, नयनाभिराम, नवज्योति, नवजीवन, नवनीत, नवनिर्माण.

शब्दजाल - 8457 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore